अमर उजाला नोएडा-ग्रेनो

एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर जून से

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा कॉरिडोर के एक्वा लाइन पर बने स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर की शुरुआत जून से होगी। फिलहाल, यहां स्क्रीन डोर की टेस्टिंग चल रही है। टेस्ट के बाद समीक्षा होगी। फिर इसे प्रयोग में लाया जाएगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने का मकसद यात्रियों को हादसों से बचाना है। अमूमन यह देखने में आता है कि कहीं-कहीं यात्री जानकर पटरी पर कूद जाते हैं या पैर फिसलने से पटरी पर गिर जाते हैं, इस तरह के हादसों से बचने के लिए ही प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने की योजना बनाई गई थी। प्लेटफॉर्मों पर इसका पूरा सेटअप लगा हुआ है। लेकिन अभी यह प्रयोग में नहीं है। एनएमआरसी के अधिकारियों की मानें तो इसे शुरू होने में मई तक का समय लगेगा। टेस्ट के बाद ही इसे शुरू करने की घोषणा की जाएगी।

अभी मैनुअल तरीके से चल रहा काम, प्लेटफार्म पर ट्रायल

यह होता है प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर

प्लेटफॉर्म पर कांच की एक दीवार होती है। जैसे ही मेट्रो प्लेटफॉर्म पर आती है तो उसका दरवाजा खुलते ही कांच की दीवार पर बने दरवाजे (स्क्रीन डोर) भी ऑटोमेटिक खुल जाते हैं। जब लोग सवार हो जाते हैं तो मेट्रो के दरवाजे के साथ ही डोर भी बंद हो जाता है। इससे यात्रियों को खासी सहूलियत मिलती है।

एक साथ खुलने चाहिए स्क्रीन डोर और मेट्रो के दरवाजे

ट्रायल में देखा जा रहा है कि प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और ट्रेन के दरवाजे के खुलने में किसी तरह के समय का अंतराल तो नहीं है। दोनों दरवाजे एक साथ खुलने चाहिए, तभी ट्रायल पूरी तरह से सफल माना जाएगा। अगर इन के बीच समय का अंतराल होता है तो इसे शुरू नहीं किया जा सकेगा।